# UNIVERSITY NEWS 07 SEPTEMBER 2026

## AMRIT VICHAR

### लविवि के नौ विद्यार्थियों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में अभियांत्रिकी संकाय के नौ विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इनमें अस्मादिया टेक्नोलॉजीस में पांच विद्यार्थियों तथा डालमिया सीमेंट लिमिटेड में चार विद्यार्थियों का चयन हुआ है। प्लेसमेंट सेल (द्वितीय परिसर) के वाइस चेयरमैन डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि अस्मादिया टेक्नोलॉजीस एवं डालमिया सीमेंट लिमिटेड की चयन प्रक्रियाओं में एप्टीट्यूड टेस्ट एवं तकनीकी साक्षात्कार के विभिन्न चरण आयोजित किए गए। अस्मादिया टेक्नोलॉजीस में बीटेक (सीएसई–एआई) के विद्यार्थी आदर्श बघेल व अक्षय मिश्रा, एमसीए के विद्यार्थी प्रबल श्रीवास्तव तथा बीटेक (सीएसई) के विद्यार्थी वेंकटेश का चयन सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर हुआ है।

## I NEXT

### बीटेक और एमसीए में सीधे प्रवेश का मौका

लखनऊ विश्वविद्यालय ने डा.एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के यूपीटेक 2026 के अंतर्गत बीटेक प्रथम वर्ष, बीटेक लेटरल एंट्री और एमसीए में सीधे प्रवेश का मौका दिया है. इसके लिए आवेदन लिए जा चुके हैं, जिनकी मेरिट सात सितंबर को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी की जाएगी. इंजीनियरिंग संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर सत्येंद्र पाल सिंह की ओर से जारी सूचना के अनुसार मेरिट में चयनित अभ्यर्थियों को नौ सितंबर को बुलाया गया है. रिपोर्टिंग टाइम सुबह नौ से 10:30 बजे तक है. सीट आवंटन सुबह 11:30 बजे होगा.

## AMAR UJALA

### लखनऊ विश्वविद्यालय के नौ विद्यार्थियों को नौकरी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में अभियांत्रिकी संकाय के नौ विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

प्लेसमेंट सेल (द्वितीय परिसर) के उपाध्यक्ष हिमांशु पांडेय ने बताया कि डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड में बीटेक (सिविल इंजीनियरिंग), 2026 बैच के चार विद्यार्थी चुने गए हैं। इनमें उत्कर्ष दुबे, हर्ष वर्धन सिंह, ऋषभ सिंह और फैसल अंसारी शामिल हैं। इन्हें टेक्निकल सर्विसेज प्रशिक्षु के पद पर 5.00 लाख रुपये वार्षिक का पैकेज प्रदान किया जाएगा।

**पांच विद्यार्थियों का अस्मादिया टेक्नोलॉजीस में और चार का डालमिया सीमेंट में चयन**

अस्मादिया टेक्नोलॉजीस में बीटेक (सीएसई-एआई) के आदर्श बघेल और अक्षय मिश्रा का चयन हुआ है। एमसीए के प्रबल श्रीवास्तव और बीटेक (सीएसई) के वेंकटेश को भी सॉफ्टवेयर डवलपमेंट इंजीनियर प्रशिक्षु के पद पर चुना गया है। इन विद्यार्थियों को 3.60 लाख रुपये वार्षिक का पैकेज मिलेगा। बीटेक (सीएसई) के अभिनव सिंह का चयन सॉफ्टवेयर डेवलपर के रूप में हुआ है। (माई सिटी रिपोर्टर)

## DAINIK JAGRAN

### बीटेक व एमसीए में सीधे प्रवेश

**लखनऊ** : लखनऊ विश्वविद्यालय ने डा.एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के यूपीटेक 2026 के अंतर्गत बी.टेक प्रथम वर्ष, बी.टेक लेटरल एंट्री और एमसीए में सीधे प्रवेश का मौका दिया है। आवेदन लिए जा चुके हैं, जिनकी मेरिट 7 सितंबर को वेबसाइट पर जारी की जाएगी। अभ्यर्थियों को नौ सितंबर को बुलाया गया है। रिपोर्टिंग टाइम सुबह नौ से 10:30 बजे तक है। (जासं)

## HINDUSTAN

### एलयू के नौ छात्रों को नौकरी का ऑफर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल की ओर से हुए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में अभियांत्रिकी संकाय के 9 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। इनमें अस्मादिया टेक्नोलॉजीस में 5 विद्यार्थियों तथा डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड में 4 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। प्लेसमेंट सेल (द्वितीय परिसर) के वाइस चेयरमैन डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने जानकारी दी।